# बिहार सरकार

# समाहरणालय, जहानाबाद

## (जिला बाल संरक्षण इकाई)

ई–मेल – adcp02jehanabad@gmail.com, दूरभाष - 8340403229

## विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, जहानाबाद में संविदा पर नियोजन हेतु विज्ञापन

**(विज्ञापन संख्या–01/2023)**

निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना का पत्रांक–111, दिनांक–11.07.2022 के आलोक में बिहार सरकार, समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, जहानाबाद द्वारा जहानाबाद जिला मुख्यालय में विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान का संचालन किया जाना है, जिसके लिए विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जिसका विवरणी निम्नवत है–

| क्र० | पद का नाम | पदों की संख्या | मानदेय (प्रतिमाह) | उम्र (01.12.2022 को) | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैनेजर/कॉर्डिनेटर | 01 | 17500/– | 25–45 वर्ष | समाजकार्य/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान/विधि या अन्य किसी भी सामाजिक विज्ञान विषय में स्नातक। अथवा स्नातक के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या प्रतिष्ठित संस्थान से बाल संरक्षण/काउंसलिंग/बाल विकास में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट। | 1. बच्चों के विकास कार्य में कम से कम 02 (दो) वर्ष का अनुभव। 2. MS Office पर कार्य करने की क्षमता |
| 2 | सामाजिक कार्यकर्ता–सह–अर्ली चाईल्डहुड एडुकेटर (सामान्य) | 01 | 14000/– | 22–45 वर्ष | समाजकार्य/मनोविज्ञान या अन्य किसी भी समाजिक विज्ञान में स्नातक। | विषम परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के साथ कार्य करने का कम से कम 01 (एक) वर्ष का अनुभव |
| 3 | नर्स (सामान्य) | 01 | 9000/– | 45 वर्ष तक | सरकार/भारतीय नर्सिंग परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त नर्सिंग संस्थान से नर्सिंग में इण्टरमिडिएट डिप्लोमा। | हॉस्पीटल/स्वास्थ्य सुविधा में कम से कम 01 (एक) वर्ष का अनुभव |
| 4 | चिकित्सक (अंशकालिक) (सामान्य) | 01 | 7500/– | – | एम0बी0बी0एस0 | – |
| 5 | आया (अना0–03,अ0पि0व0–01, पि0व0–01, अनु0ज0–01) | 06 | 6000/– | 20–45 वर्ष | साक्षर (लिखने पढ़ने में सक्षम) | – |
| 6 | चौकीदार (सामान्य) | 01 | 6000/– | 20–45 वर्ष | साक्षर (लिखने पढ़ने में सक्षम) | – |

1. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन की तिथि से **15 दिनों तक केवल निबंधित डाक से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जिला बाल संरक्षण इकाई, घोषी रोड, एल0आई0सी0 ऑफिस के नजदीक, जहानाबाद (बिहार), पिन–804408** के पते पर भेज सकते हैं।
2. आवेदन का विहित प्रपत्र विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से जिला प्रशासन, जहानाबाद के वेबसाइट https://jehanabad.nic.in/ पर उपलब्ध रहेगा। विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त नही होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।
3. आवेदक आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर मोटे अक्षरों में विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, जहानाबाद में चयन हेतु आवेदित पद के नाम का उल्लेख करेंगें।
4. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अंक पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. पद क्रमांक–1 से 4 तक के लिए उम्र की गणना/सत्यापन हेतु मैट्रिक का प्रमाण पत्र/अंक पत्र एवं क्रमांक–5 से 6 तक के लिए जन्म प्रमाण पत्र/पैन कार्ड/आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. उपरोक्त पदों पर नियोजन में बिहार सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण का लाभ देय होगा।
7. अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से चयन समिति द्वारा किया जाएगा।
8. साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।
9. साक्षात्कार की तिथि की सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई, जहानाबाद के कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिला प्रशासन, जहानाबाद के वेबसाइट https://jehanabad.nic.in/ पर प्रदर्शित किया जायेगा।
10. उक्त विज्ञापन के संबंध में सभी प्रकार की सूचना यथा–साक्षात्कार में भाग लेने हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची, अभ्यर्थियों की मेधा सूची, चयन सूची आदि का प्रकाशन समय–समय पर उक्त वेबसाइट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा।
11. उक्त विज्ञापन के माध्यम से साक्षात्कार के उपरांत प्रकाशित मेधासूची (पैनल) प्रकाशन तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगा।
12. उक्त पदों पर नियोजित कर्मी सरकारी सेवक नहीं माने जाएंगे तथा सरकारी कर्मियों को देय सुविधा अनुमान्य नही होगा।
13. उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में गलत तथ्य या प्रमाण पत्र देने पर उनका नियोजन कभी भी निरस्त किया जा सकता है।
14. सरकार द्वारा आदेश प्राप्त होने या अन्य कारणों से अगर संस्थान का संचालन बंद हो जाता है तो सभी कर्मियों का नियोजन स्वतः समाप्त हो जाएगा।
15. किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, जहानाबाद के पास सुरक्षित रहेगा।

विस्तृत जानकारी **State.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई, जहानाबाद

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**